(iii) Regarding four-laning of Buddha Circuit Expressway

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): पुरे विश्व में भारत कि पहचान इसकी विभिन्नता में एकता के लिए जाना जाता है। आजादी के बाद आज पहली बार पूरे देश में डिफेंस कॉरिडोर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे बनाने का निर्णय लिया गया है। पर्यटन एवं आस्था की दृष्टि से पूरे विश्व में बौद्ध परिपथ (Circuit) बनाने का निर्णय लेकर पूरे विश्व में बौद्ध धर्म के मानने वालों का ध्यान आकृष्ट किया । जिसके फलस्वरूप पूरे विश्व में लाखों कि संख्या में बौद्ध पर्यटक उत्तर प्रदेश के सारनाथ (वाराणसी), कुशीनगर, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) एवं श्रावस्ती प्रतिदिन आते है। बौद्ध पर्यटक वाराणसी के सारनाथ से यात्रा शुरू करके कुशीनगर, कपिलवस्तु एवं श्रावस्ती होते हुए लखनऊ तक जाते है। इसी कारण वाराणसी के सारनाथ से कुशीनगर, कपिलवस्तु, श्रावस्ती होते हुए लखनऊ तक बौद्ध सर्किट एक्सप्रेसवे का Four Lane Roadways का निर्माण होना अति आवश्यक है। इसलिए मैं सरकार से उक्त बौद्ध सर्किट फोर लेन के निर्माण की मांग करता हूँ। इसके साथ- साथ इसे बोधी सर्किट घोषित कर दिया जाए जिससे दुनिया के देशों से आने वाले बौद्ध पर्यटक को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।